भारत सरकार

विदेश मंत्रालय

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 403

दिनांक 22.07.2021 को उत्तर देने के लिए

विदेशों में दाखिला प्राप्त भारतीय छात्रों के लिए यात्रा प्रतिबंधों में ढील देना

403. श्री संजय सिंह:

क्या **विदेश मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या मंत्रालय ने विदेशी विश्वविद्यालयों में दाखिला प्राप्त भारतीय छात्रों के लिए यात्रा प्रतिबंधों में ढील देने के लिए कोई कदम उठाया है ताकि संबंधित देशों में उनकी यात्रा संभव हो पाए; और

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

विदेश राज्य मंत्री

(श्री वी. मुरलीधरन)

(क) और (ख) मंत्रालय विदेशी विश्वविद्यालयों में नामांकित भारतीय छात्रों को उनके अध्ययन से संबंधित देशों की यात्रा करने के लिए यात्रा प्रतिबंधों को सुगम बनाने का प्रयास कर रहा है। विदेशों में हमारे मिशन इन मुद्दों को संबंधित सरकारों के साथ सक्रिय रूप से उठा रहे हैं और उन सरकारों पर यात्रा प्रतिबंधों को कम करने के लिए जोर दे रहे हैं। साथ ही यात्रा प्रतिबंधों के मुद्दे को कई देशों के साथ मंत्री स्तर पर उठाया गया है। नतीजतन, भारतीय छात्रों द्वारा यूएसए, कनाडा, यूके, आयरलैंड, जर्मनी, नीदरलैंड, बेल्जियम, लक्जमबर्ग, जॉर्जिया आदि सहित कई देशों की यात्रा करने के लिए यात्रा प्रतिबंधों में ढील दी जा रही है; कोविड की स्थिति में सुधार होने पर कई और देशों द्वारा ऐसी ढील दी जाने की उम्मीद है।

***